11.11.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए प्रचार थमा–मतदान बुधवार को।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पूरी दूनिया में भारत के युवाओं की मांग बढ़ रही है।

○ न्यायमूर्ति संजीव खन्ना देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश बने।

○ राज्य स्तरीय चंद्रभागा पशु मेला कल से झालरापाटन में।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनावों के लिए आज शाम प्रचार थम गया है। प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में पूरी ताकत झोंक दी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज चौरासी और सलूम्बर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विजय संकल्प सभाओं को संबोधित किया। भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री भी पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार में जुटे रहे। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने आज रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानो पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। पार्टी के कई अन्य नेताओं ने भी पार्टी प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। खींवसर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने वहीं चौरासी में भारत टाइबल पार्टी के सांसद राजकुमार रोत ने पार्टी प्रत्याशियों के लिए विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं और जनसंपर्क किया। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी घर–घर जाकर प्रचार कर सकेंगे। कल सुबह मतदान दलों की रवानगी शुरू हो जाएगी। दौसा, रामगढ, झुंझुनू, चौरासी, खींवसर, देवली–उनियारा और सलूम्बर विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम बजे 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज पूरी दुनिया भारतीय युवाओं की क्षमता के प्रति आकर्षित है। उन्होंने कहा कि दुनिया के नेताओं को भारतीय युवाओं की कुशलता पर भरोसा है। प्रधानमंत्री आज गुजरात के वड़ताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ पर बोल रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं की वैश्विक मांग बढ़ रही है।

..............

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से विकसित भारत के दृष्टिकोण को अपनाने और अगले 25 वर्ष में इसे हासिल करने में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कुशल श्रमिकों की नई पीढ़ी विकसित करने के लिए सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया।

000

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवा स्नातकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया है। श्री गोयल ने आज नई दिल्ली में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान–आईआईएफटी संस्थान के 57वें दीक्षांत समारोह के दौरान वर्चुअल संबोधन में कहा कि देश की युवा पीढ़ी कुछ भी कर सकने की क्षमता में विश्वास करती है। श्री गोयल ने कहा कि आज युवा भारत विश्व के समक्ष पूरे विश्वास के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि आईआईएफटी का नया कैम्पस दुबई में जल्दी ही खोला जाएगा।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत कल जयपुर में आईटी और स्टार्टअप प्री–समिट आयोजित किया जाएगा। इस समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। प्री–समिट में तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में निवेश करारों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस दौरान डिजिटल राजस्थान यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और स्टार्टअप्स को फंडिंग के चेक वितरित किये जाएंगे। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह ने बताया कि प्री–समिट में राजस्थान में डिजिटल बदलावों की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा।

000

राजस्थान पुलिस अकादमी और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की ओर से कल जयपुर में जेंडर आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं पर एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अकादमी के निदेशक एस सेंगाथिर ने बताया कि इस कार्यक्रम में यूएनएफपीए की भारत की प्रमुख प्रतिनिधि एण्ड्रिया एम वोज्नर और विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य जेंडर आधारित हिंसा से निपटने के लिए बहुक्षेत्रीय समन्वय को बढ़ाने वाले समाधानों पर चर्चा करना है। एडीजी सेंगाथिर ने बताया कि पैनल चर्चा और संवाद के माध्यम से रोकथाम उपायों पर मंथन किया जाएगा।

000

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायमूर्ति खन्ना को देश के न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर शुभकामनाएं दीं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज उदयपुर में पूर्व सांसद महेन्द्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री शर्मा ने उनके निधन पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद सीपी जोशी, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, श्रीचंद कृपलानी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। श्री मेवाड़ का कल उदयपुर में निधन हो गया था।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000

राज्य स्तरीय चन्द्रभागा पशु मेला कल से झालावाड़ जिले के झालरापाटन में शुरू हो रहा है। ये मेला 20 नवम्बर तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके साथ ही झालरापाटन में तीन दिन का पर्यटक मेला भी आयोजित किया जाएगा।

.............

बाड़मेर जिले के शिव इलाके के कोटड़ा गांव में राणा बाघ जी पशु मेला परवान पर है। मेले में ऊंटों और घोड़ों की खरीद–फरोख्त की जा रही है। मेले में पशुओं के करतब आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। मेले का समापन 14 नवम्बर को होगा।

000

पुष्कर में चल रहे मेले में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मल्टीमीडिया प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन नगर परिषद के सभापति कमल पाठक ने किया। इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा यहाँ पर नई पीढ़ी में लोकप्रिय मोशन गेम, वर्चुअल रियलिटी का अनुभव देने वाले वीडियो और ऑनलाइन क्विज आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। उद्‌घान के अवसर पर अजयमेरू कला मंडल के सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, अजमेर के सहायक निदेशक पराग मांदले ने बताया कि यह मल्टी मीडिया प्रदर्शनी 15 नवम्बर चलेगी। सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक ये प्रदर्शनी आमजन के लिए खुली रहेगी।

000

त्योहारों में रेल यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने की घोषणा की है। इसके तहत चार विशेष रेलगाडियां चलाई जाएंगी। इनमें दिल्ली जंक्शन से कोलकाता के बीच आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष एक्सप्रेस ट्रेन, दिल्ली जंक्शन से लखनऊ के बीच त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस, दिल्ली से वाराणसी के बीच विशेष ट्रेन चलेगी। इसके अलावा दिल्ली से छपरा के लिए एक तरफा स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

000

भीलवाड़ा जिले के बडलियास में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक वाहन से करीब एक किलो अफीम डोडा चूरा जब्त किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर फरार तस्कर की तलाश शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

000

हनुमानगढ़ में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरुकता के लिए आज मानस अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। टिब्बी में हुई इस प्रतियोगिता में 'नशे के कारण महिलाओं पर हो रही हिंसा' विषय पर सात महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने नशे की लत पर प्रहार करते हुए इसे जड़ से समाप्त करने का आह्वान किया। इस क्रम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता 18 नवम्बर को होगी।

000

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–आईएफएफआई का 55वां संस्करण 20 नवम्बर से गोवा में शुरू होगा। आज नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि आईएफएफआई के लिए फिल्म निर्माताओं और दर्शकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। डॉ. मुरुगन ने कहा कि यह विश्व के सबसे बड़े फिल्म महोत्सवों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है।

000